संक्षिप्त समाचार.....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूरा किया रक्षाबंधन का वादा, आशा सहयोगिनी बहनों को मिला उपहार

जयपुर/एजेंसी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की आशा सहयोगिनी बहनों से रक्षाबंधन के अवसर पर किए गए वादे को पूरा करते हुए उन्हें मानदेय में वृद्धि की सौगात दी है। इससे प्रदेश में आशा सहयोगिनियों को अब 5 हजार 455 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। राज्य सरकार ने इसके लिए आशा सहयोगिनियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि के लिए वित्तीय स्वीकृति दे दी है राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार आशा सहयोगिनियों का मानदेय 4 हजार 959 रुपये से बढ़ाकर 5 हजार 455 रुपये प्रतिमाह किया गया है तथा इसका भुगतान 1 अक्टूबर 2026 से देय होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने राखी के अवसर पर आशा सहयोगिनियों के मानदेय में वृद्धि का वादा किया था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार के इस निर्णय से आशा सहयोगिनियों को आर्थिक राहत मिलने के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रोत्साहन मिलेगा।

जूली का आरोप-मनरेगा और खाद्य सुरक्षा योजनाओं में कटौती से गरीब परेशान

अलवर। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जनकल्याणकारी योजनाओं में कटौती करने और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से गरीब, जरूरतमंद और आदिवासी समुदाय प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस मनरेगा और खाद्य सुरक्षा योजना आदि जनता से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी। जूली सोमवार को अलवर के मोतीडूंगरी स्थित अपने कार्यालय पर मीडिया से बात कर रहे थे। प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार मनरेगा और खाद्य सुरक्षा योजना जैसी योजनाओं में कटौती कर रही है। इसका असर गरीब और जरूरतमंद परिवारों पर पड़ रहा है। उन्होंने आदिवासी समुदाय से जुड़ी योजनाओं के बजट में कटौती किए जाने का आरोप लगाते कहा कि सरकार को इन वर्गों की जरूरतों और हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए। जूली ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से आमजन परेशान है। उन्होंने भाजपा सरकार पर संविधान की मूल भावना कमजोर करने का आरोप लगाया।

नीमराना के रोडवाल टोल प्लाजा पर बदमाशों का हंगामा, टोल बूथों के शीशे तोड़े

कोटपूतली-बहरोड़। नीमराना क्षेत्र स्थित रोडवाल टोल प्लाजा पर जमकर हंगामा हुआ। टोल वसूली को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि बदमाशों ने टोल प्लाजा पर धावा बोल दिया। कार का टोल वसूलने को लेकर टोलकर्मियों और कार सवारों में कहासुनी हो गई थी। इसके कुछ देर बाद ही 5 से 6 गाड़ियों में सवार होकर दर्जनों बदमाश टोल प्लाजा पर पहुंच गए और तोड़फोड़ शुरू कर दी। बदमाशों ने टोल बूथों के शीशे तोड़ दिए और वहां तैनात कर्मचारियों के साथ जमकर मारपीट की। टोल मैनेजर की रिपोर्ट पर मामला दर्ज: अचानक हुए इस हमले से टोल प्लाजा पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पर टोल प्रबंधन ने नीमराना थाना पुलिस को जानकारी दी। टोल मैनेजर की रिपोर्ट पर पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है। नीमराना थानाधिकारी सुरेंद्र यादव ने बताया कि रोडवाल टोल प्लाजा पर हुए विवाद और तोड़फोड़ के मामले की जांच की जा रही है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के प्रयास कर रही है। जांच के बाद घटना से जुड़े अन्य तथ्यों का खुलासा होने की संभावना है।

डार्क वेब पर डेटा लीक की खबर से मचा हड़कंप, जांच शुरू

जयपुर। राजस्थान पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट को हैक करने के दावों के बीच यह वेबसाइट डाउन चल रही है। फिलहाल, राजस्थान पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट ओपन नहीं हो रही है। डार्क वेब पर एक हैकर ग्रुप द्वारा राजस्थान पुलिस की वेबसाइट को हैक करके संवेदनशील डेटा में सेंधमारी के दावों को लेकर पुलिस और सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग जांच में जुट गया है। सरकारी वेबसाइट की हैकिंग को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, पूरे मामले की जांच के लिए दिल्ली से कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम जयपुर पहुंची है। यह टीम ष्ठश्रढ्ढञ्ज और राजस्थान पुलिस की साइबर सेल के साथ सर्वर की जांच कर रही है। हैकर्स के दावों पर एफआईआर, जांच में जुटी टीम: वहीं, साइबर क्राइम विंग के डीआईजी शांतनु कुमार सिंह का कहना है कि शुरुआती जांच में वेबसाइट हैक होने के सबूत नहीं मिले हैं। इससे पहले हैकर्स ने डार्क वेब पर पुलिस और आम जनता से जुड़ी संवेदनशील और गोपनीय जानकारी हाथ लगने का दावा करके सबको चौंका दिया था। एडीजी साइबर क्राइम वीके सिंह का कहना है कि इन दावों को लेकर सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभागजांच कर रहा है।

राजस्थान के इन जिलों में 29-30 अक्टूबर को हो सकती है बारिश

जयपुर/एजेंसी। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का असर राजस्थान के मौसम पर भी देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने 29 और 30 अक्टूबर को प्रदेश के कई जिलों में मेघगर्जन, तेज हवाओं और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। हालांकि, चक्रवात का राजस्थान में व्यापक असर होने का पूर्वानुमान नहीं है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आगामी दो से तीन दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि पूर्वी राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के कारण राजस्थान में बड़े स्तर पर बारिश की संभावना नहीं है। इसका प्रभाव मुख्य रूप से पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों तक सीमित रह सकता है। ऐसे में अगले दो दिन अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने के बाद 29-30 अक्टूबर को कुछ जिलों में बादल, तेज हवाएं और हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिल सकती है।

नागौर के दो गांवों ने पेश की मिसाल, हारे हुए प्रत्याशियों को दिए 40 लाख रुपये

नागौर। सरपंच चुनाव के नतीजों के बाद अक्सर चुनावी मैदान में कड़वाहट और समर्थकों के बीच दूरियां देखने को मिलती हैं, लेकिन नागौर जिले के दो गांवों से भाईचारे और सामाजिक एकता की एक ऐसी खूबसूरत तस्वीर सामने आई है, जिसने हर किसी का दिल जीत लिया है। यहां के ग्रामीणों ने यह साबित कर दिया कि गांव के आपसी रिश्ते और ताने-बाने किसी भी चुनावी हार-जीत से कहीं ऊपर होते हैं। ग्रामीणों ने चुनाव में शिकस्त झेलने वाले प्रत्याशियों के परिवारों का न सिर्फ हौसला बढ़ाया, बल्कि उन्हें लाखों रुपये की आर्थिक मदद देकर एक नई मिसाल कायम की है। चुनाव हारीं चिड़ी देवी, पर गांव ने जिताया दिलः मुंडवा पंचायत समिति के भदौरा ग्राम पंचायत में आने वाले मोड़ी गांव में यह अनोखा नजारा देखने को मिला। यहां से एक बेहद साधारण परिवार के हेमाराम राव की पत्नी चिड़ी देवी सरपंच पद की प्रत्याशी थीं। पूरे गांव ने एकजुट होकर उनके लिए प्रचार किया था, लेकिन जब चुनावी नतीजे आए तो बाजी उनके हाथ से निकल गई। चुनावी हार से परिवार थोड़ा निराश जरूर था।

राज्यपाल बागडे ने औद्योगिक विकास एवं निवेश संवर्धन पर दिया जोर

'राइजिंग नीमराणा' में औद्योगिक विकास और निवेश विस्तार पर मंथन, राज्यपाल ने उद्योगों एवं संस्थाओं को किया सम्मानित

जयपुर/एजेंसी।



राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए आधुनिक तकनीक और निवेश को बढ़ावा देना आवश्यक है। राज्यपाल श्री बागडे मंगलवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिले के नीमराणा स्थित एनआईआईटी यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में नीमराणा इंडस्ट्री एसोसिएशन एवं रेज एक्सपर्ट के संयुक्त तत्वावधान में द टाइम्स ऑफ इंडिया के द्वारा औद्योगिक विकास एवं निवेश संवर्धन की परिकल्पना के साथ आयोजित 'राइजिंग नीमराणा' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने औद्योगिक विकास, निवेश विस्तार, भारत-जापान सहयोग तथा देश की आर्थिक प्रगति के विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किए।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार औद्योगिक विकास और निवेश संवर्धन को गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में आधुनिक विनिर्माण तकनीकों को प्रोत्साहित करने तथा निवेश संबंधी योजनाओं को धरातल पर लागू करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नीमराणा निरंतर औद्योगिक क्षेत्र में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है और वैश्विक औद्योगिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण स्थान की ओर अग्रसर है। राज्यपाल ने भारत-जापान आर्थिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि जापानी उद्योगों एवं निवेश को बढ़ावा देने, औद्योगिक साझेदारी को विस्तार देने तथा उत्पादों के आयात-निर्यात को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। आधुनिक तकनीक, निवेश और पारस्परिक सहयोग के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्र में नई संभावनाओं का सृजन किया जा सकता है। उन्होंने भारत में बुलेट ट्रेन सहित विभिन्न क्षेत्रों में जापान द्वारा दिए जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

बागडे ने भारत और जापान के ऐतिहासिक संबंधों तथा दोनों देशों की संघर्ष और विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए आर्थिक प्रगति, तकनीकी नवाचार और औद्योगिक विस्तार में आपसी सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय इतिहास, संस्कृति, नैतिक मूल्यों, समृद्ध परंपराओं और शिक्षा को देश की महत्वपूर्ण धरोहर बताते हुए इनके संरक्षण एवं संवर्धन पर बल दिया। उन्होंने सभी से समन्वय और सहयोग के साथ विकास की राह पर आगे बढ़ने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए 'देश प्रथम' की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

हरिभाऊ बागडे ने नीमराणा एवं कोटपूतली-बहरोड़ जिले के औद्योगिक विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले उद्योगों, संस्थाओं एवं विशिष्ट व्यक्तित्वों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया। सम्मान समारोह में नीमराणा में स्थापित शुरुआती उद्योगों, जापानी औद्योगिक क्षेत्र के प्रारंभिक उद्योगों, रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन एवं विरासत संरक्षण तथा औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले उद्योगों एवं संस्थाओं को सम्मान प्रदान किए गए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस उपायुक्त ने चाकसू-कोटखावदा में पंचायत चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की



जयपुर/ऐंसी।


जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक एवं पुलिस उपायुक्त जयपुर द्वारा सोमवार को पंचायत समिति चाकसू एवं कोटखावदा के पंचायत चुनाव से संबंधित तैयारियों की समीक्षा हेतु उपखण्ड कार्यालय चाकसू के सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव तैयारियों की समीक्षा कर मतदान केन्द्रों पर बिजली, छाया, पानी, शौचालय, एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा उपस्थित पुलिस विभाग के अधिकारियों को अधीनस्थ मतदान केन्द्रों का आवश्यक रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पंचायत समिति चाकसू की ग्राम पंचायत चंदलाई के मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया।

बैठक में रिटर्निंग अधिकारी पंचायत समिति चाकसू-कोटखावदा सीमा तिवाड़ी, सहायक पुलिस आयुक्त चाकसू , सहायक रिटर्निंग अधिकारी तहसीलदार चाकसू-कोटखावदा, विकास अधिकारी पंचायत समिति चाकसू-कोटखावदा, थानाधिकारी पुलिस थाना चाकसू-कोटखावदा एवं अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

जयपुर में दीपावली से पहले युवा सजा रहे गुलाबी नगरी, दीवारों पर उकेरा मांडणा आर्ट

जयपुर/एजेंसी।



जयपुर की ऐतिहासिक विरासत और राजस्थानी लोक संस्कृति को सहेजते हुए शहर के युवा और छात्र दीपावली से पहले गुलाबी नगरी को नया रूप देने में जुटे हैं। शहर की दीवारों पर पारंपरिक मांडणा आर्ट उकेरकर युवा न केवल दीवारों की खूबसूरती बढ़ा रहे हैं, बल्कि राजस्थान की लोककला को भी जीवंत कर रहे हैं। साथ ही युवाओं ने संदेश दिया कि शहर को सुंदर बनाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी इसकी सुंदरता को बनाए रखना भी है। दीवारों पर गुटखा थूककर रेड स्पॉट और टॉयलेट या गंदगी से येलो स्पॉट बनाने के बजाय इन धरोहरों को स्वच्छ और सुरक्षित रखें, ताकि दीपावली पर घरों के साथ गुलाबी नगरी भी स्वच्छ और सुंदर नजर आए।

दीपावली से पहले लोग अपने घरों की सफाई और सजावट में जुटे हैं, वहीं राजधानी के युवा शहर को भी संवारने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। कहीं गुलाबी दीवारों पर पारंपरिक मांडणा उकेरे जा रहे हैं, तो कहीं लोककला के जरिए स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। युवाओं, कॉलेज और स्कूली छात्रों की भागीदारी से शहर की दीवारें गुलाबी रंग और राजस्थानी कला से सज रही हैं। राजधानी में मंगलवार को भी महारानी कॉलेज के बाहर अशोक मार्ग पर ऐसा ही नजारा देखने को मिला। इस पहल का मकसद सिर्फ शहर को सुंदर बनाना नहीं, बल्कि लोगों को सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने के लिए प्रेरित करना भी है।

दीवारों पर उकेरी राजस्थानी लोककलाः मांडणा आर्ट राजस्थान की पारंपरिक लोककला है, जिसमें घरों के आंगन, दीवारों और दरवाजों पर ज्यामितीय आकृतियां, फूल-पत्तियां, मोर और शुभ प्रतीक बनाए जाते हैं। पारंपरिक रूप से लाल गेरू से तैयार पृष्ठभूमि पर सफेद खड़िया या चूने से ये आकृतियां उकेरी जाती हैं।

जितेंद्र सिंह का आरोप, 'लोगों पर गोली चलवाने जंतर-मंतर पर सेना को लाई सरकार, सीमा सुरक्षा पर ध्यान ही नहीं'

अलवर/एजेंसी।



कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार ने देश के अर्धसैनिक बलों को युवाओं पर गोली चलाने के लिए लगा रखा है। जबकि चीन की फौज अरुणाचल प्रदेश में अंदर तक घुस रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि चीन की सेना अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सेना के गश्त के लिए बने रूट तक आ गई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार लोगों पर गोली चलवाने के लिए पुलिस, आईटीबीपी व अन्य अर्द्ध सैनिक बलों को जंतर मंतर पर ले आए, लेकिन देश की सीमाओं को सुरक्षित करने पर ध्यान नहीं है। चाहे भारत पर चीन आक्रमण करे या पाकिस्तान। जितेन्द्र सिंह मंगलवार को एक निजी होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

जितेन्द्र सिंह ने आरोप लगाया कि अरुणाचल प्रदेश में चीन की गतिविधियों को लेकर सरकार का रुख स्पष्ट नहीं है। उन्होंने केन्द्र सरकार से अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर स्थिति को लेकर देश के सामने पारदर्शी जानकारी रखने की मांग की। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा से जुड़े मामलों में सरकार को देश की जनता को भरोसे में लेना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सुरक्षा बलों का इस्तेमाल देश के भीतर विरोध प्रदर्शनों के संदर्भ में किया जाता है, जबकि सीमा से जुड़े सवालों पर सरकार पर्याप्त जवाब नहीं देती। चीन की ओर से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ से संबंधित उनके दावों की पुष्टि आवश्यक है।

'सीईसी ज्ञानेश कुमार दें इस्तीफा' : जितेंद्र सिंह ने वोट चोरी के आरोपों को लेकर निर्वाचन आयोग और भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर जनता के मन में सवाल खड़े हो रहे हैं और निर्वाचन आयोग को इनका जवाब देना चाहिए।

पंचायतीराज चुनाव 2026 का दूसरा चरण आज, झुंझुनू की छह पंचायत समितियों के लिए मतदान दल रवाना

झुंझुनू। पंचायतीराज चुनाव 2026 के दूसरे चरण की वोटिंग बुधवार को राजस्थान के झुंझुनू सहित 22 जिलों में होगी। जिले की छह पंचायत समितियों में 28 अक्टूबर को मतदान होगा। जिलों में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान दल मंगलवार को रवाना हुए। झुंझुनू जिले के सेठ मोतीलाल कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण एवं रवानगी कार्यक्रम में राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह और जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार गर्ग मौजूद रहे। प्रशिक्षण के बाद मतदान दलों को निर्धारित केंद्रों के लिए रवाना किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान दलों को मतदान प्रक्रिया, निर्वाचन नियमों, आवश्यक दस्तावेजों, मतदाताओं की पहचान और मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मतदान के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पूरी पालना सुनिश्चित की जाए। सभी मतदान कर्मी निर्धारित नियमों के अनुसार कार्य करते हुए पारदर्शिता बनाए रखें, ताकि चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश नहीं रहे। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया कि जिले की 6 पंचायत समितियों में 28 अक्टूबर को मतदान होना है। इसके लिए प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने मतदान दलों को अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने तथा मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार गर्ग ने कहा कि चुनाव को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

जयपुर पुलिस का नशे के खिलाफ महाअभियान, 518 ठिकानों पर दबिश, एक दिन में 62 मुकदमे दर्ज

जयपुर/एजेंसी।



राजधानी जयपुर में मादक पदार्थों की अवैध खरीद - फरोख्त के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर छापेमारी की। इस अभियान के तहत पुलिस ने एक दिन में 518 ठिकानों पर छापेमारी की। नशे की सामग्री बेचने वालों के खिलाफ 62 नए मुकदमे दर्ज किए गए। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देशन में जयपुर पुलिस की ओर से मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को एनडीपीएस अभियान के तहत आयुक्तालय के चारों जिलों में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थों से संबंधित 62 नए मुकदमे दर्ज किए गए। साथ ही पहले के दर्ज मुकदमों और चालानशुदा मामलों में 51 गिरफ्तारियां की गई तथा मादक पदार्थों की तलाश में 518 ठिकानों पर दबिश दी गई। पूर्व जिले में सबसे ज्यादा ठिकानों पर दबिश : पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया इस विशेष अभियान के तहत जयपुर पूर्व जिले में 14 प्रकरण दर्ज किए गए और पूर्व में दर्ज प्रकरणों एवं चालानशुदा मामलों में 14 गिरफ्तारियां की गई। जिले में मादक पदार्थों की तलाश में सर्वाधिक 200 ठिकानों पर दबिश दी गई। उन्होंने बताया कि जयपुर पश्चिम जिले में 17 प्रकरण दर्ज कर 7 गिरफ्तारियां की गई और 135 ठिकानों की जांच की गई।

जयपुर दक्षिण में 62 ठिकानों पर दबिश : इसी प्रकार जयपुर उत्तर जिले में 14 प्रकरण दर्ज कर 28 गिरफ्तारियां की गई तथा 121 ठिकानों पर दबिश दी गई। जयपुर दक्षिण जिले में 17 प्रकरण दर्ज कर 2 गिरफ्तारियां की गई और 62 ठिकानों की जांच की गई। कमिश्नर मित्तल ने बताया कि जयपुर पुलिस द्वारा नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। आमजन से की यह खास अपील : उन्होंने कहा, मादक पदार्थों की तलाश में संदिग्ध ठिकानों पर दबिश देने के साथ ही पूर्व में दर्ज प्रकरणों में वांछित आरोपियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है, ताकि मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि.
CIN: U64990HR2016PTC057984
पंजीकृत कार्यालय : यूनिट 2009-14, 20वीं मंज़िल, मेन्नम ग्लोबल पार्क, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर-58, गुरुग्राम (हरियाणा)-122011

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से कर्जदार(ओं)/सह-कर्जदार(ओं)/जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जिसका भौतिक कब्ज़ा मै. उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक 17.09.2026 को लिया जा चुका है, की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से "जैसी है जहाँ है", "जैसी है जो है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर की जाएगी।

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हम HTTPS://WWW.BANKEAUCTIONS.COM के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

संपत्ति का विवरण :
प्लॉट नं. 162, क्षेत्रफल 1092.50 वर्ग फीट, खसरा नं. 1657 व 1672 में सम्मिलित, स्थित साईं नाथ पुरम सिटी, हाउसिंग बोर्ड के पीछे, झालावाड़, राजस्थान की संपूर्ण संपत्ति। **चौहद्दी - पूर्व:** प्लॉट नं. 163, **पश्चिम :** प्लॉट नं. 161, **उत्तर :** अन्य भूमि, **दक्षिण :** आम रास्ता 30 फीट चौड़ा।

कर्जदार/जमानतदार का नाम व पता	1. नीलामी की तिथि व समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 3. संपत्ति निरीक्षण की तिथि व समय	1. आरक्षित मूल्य 2. संपत्ति की ईएमडी 3. बोली वृद्धि राशि
1. गंगा बाई पत्नी मांगी लाल (कर्जदार) 2. टीना शर्मा पत्नी कन्हैया लाल (सह-कर्जदार) दोनों निवासी- 74, तबेला रोड, चकरा की मस्जिद के पास, झालावाड़, राज.-326001 3. कन्हैया लाल पुत्र मांगीलाल शर्मा (सह-कर्जदार) निवासी- तबेला रोड, चकरा की मस्जिद के पास, झालावाड़, राज.-326001 4. ईश्वर दत्त शर्मा पुत्र भोले शंकर शर्मा (जमानतदार) निवासी- 190, यशोदा नगर, शुभम सिटी के पीछे, हाउसिंग बोर्ड, झालावाड़ सिटी, राजस्थान-326001 ऋण खाता सं. (LAN) LXKOT01120-210009400 व LXKOT02420-210009405 ऋण अनुबंध तिथि : 28-नवं-20 व 28-नवं-20 ऋण राशि : रु. 6,00,000/- व रु. 4,50,000/- कुल बकाया राशि रु. 18,11,903/- दिनांक 16-सित-2026 तक + 17-सित-2026 से आगे का ब्याज एवं अन्य शुल्क।	1) नीलामी तिथि- 04.12.2026 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक, 5 मिनट के असीमित विस्तार सहित 2) केवाईसी सहित ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 02.12.2026 सायं 5:00 बजे तक (IST) 3) निरीक्षण की तिथि : 27.11.2026 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक (IST)	आरक्षित मूल्य : रु. 20,75,000/- अग्रिम धन जमा (ईएमडी): रु. 2,07,500/- बोली वृद्धि राशि : रु. 10,000/- एवं इसके गुणकों में।

नीलामी के नियम एवं शर्तें
ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री के बोली दस्तावेज़, घोषणा-पत्र, सामान्य नियम एवं शर्तें सेवा प्रदाता की वेबसाइट https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध हैं। इच्छुक बोलीदाता सहायता नं. 7291981124,25,26 एवं श्री भाविक पंडया 8866682937, सहायता ईमेल आईडी: support@bankeauctions.com (सेवा प्रदाता सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) अथवा auction@ummeedhfc.in पर भी संपर्क कर सकते हैं तथा संपत्ति संबंधी किसी भी प्रश्न के लिए उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि. से 18002026127 पर संपर्क कर सकते हैं। इच्छुक बोलीदाता को ईएमडी राशि डीडी/पे ऑर्डर/एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि. के पक्ष में खाता सं. 50200021387303, IFSC- HDFC0003906 में ईएमडी की निर्धारित तिथि एवं समय तक जमा करनी होगी।

दिनांक : 28-अक्टू-2026 ह./- प्राधिकृत अधिकारी, संपर्क टोल फ्री नं. 1800-2026-127
स्थान : गुरुग्राम, हरियाणा कृते उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि.

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस की रैली पर साधा निशाना

राठौड़ ने कहा राहुल गांधी विदेश से फंडिंग और नया मुद्दा लेकर आते हैं, जोशी को बताया राजनीति में अपना पूर्वज

जयपुर/एजेंसी।



कांग्रेस की रैली और विपक्षी नेताओं के बयानों को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने तीखा हमला बोला है। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय पर मीडिया से बात करते हुए मदन राठौड़ ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध दर्ज कराना सभी का अधिकार है। रैली निकालने पर भाजपा को कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता फैलाना उचित नहीं है।

उन्होंने राहुल गांधी की विदेश यात्राओं को लेकर भी सवाल उठाए और आरोप लगाया कि विदेश से लौटने के बाद फंडिंग और कांग्रेस नए मुद्दों के साथ सरकार और देश की व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश करती है। इसके साथ राठौड़ ने सांसद सीपी जोशी के बयान का भी बचाव किया और कहा कि नाराजगी जैसी कोई बात नही है। वो राजनीति में मेरे पूर्वज हैं।

राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर निशाना : मदन राठौड़ ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि संसद सत्र के दौरान उनके विदेश जाने और विदेश से लौटकर नए मुद्दे उठाने का सिलसिला राजनीतिक रूप से सवाल खड़े करता है। उन्होंने फंडिंग का भी जिक्र किया और कहा वो विदेश से प्रभावित होकर आते हैं। 1 नवंबर को दिल्ली में कांग्रेस की मेगा रैली को लेकर राठौड़ ने कहा कि लोकतंत्र में सबको अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन किसी तरह का अराजकता फैलाने का अधिकार किसी को नहीं है। कांग्रेस हमेशा से ही इस तरह की राजनीति करते आई है। खोए हुए जनाधार को पाने के लिए कांग्रेस कितने ही रास्ते अपना ले, लेकिन उसमें अब सफल होने वाली नहीं है।

राठौड़ ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य समाज में जागरूकता पैदा करना है, ताकि लोग अफवाहों से प्रभावित होने के बजाय तथ्यों के आधार पर अपनी राय बनाएं। उन्होंने कहा कि समाज को सच और झूठ के बीच अंतर पहचानना चाहिए। इसी उद्देश्य से भाजपा 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान चला रही है। पार्टी इस अभियान के जरिए कांग्रेस के राजनीतिक नैरेटिव का जवाब देने और जनता के बीच अपनी बात पहुंचाने की कोशिश कर रही है।

राजनेताओं को मर्यादा रखनी चाहिए : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राठौड़ ने कहा कि विपक्ष को सरकार का विरोध करने का पूरा अधिकार है, लेकिन विरोध के दौरान भाषा की मर्यादा नहीं भूलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नेताओं के शब्दों का स्तर ऐसा होना चाहिए कि आमने-सामने मिलने पर उन्हें अपने बयान को लेकर असहज न होना पड़े। म द न राठौड़ ने आरोप लगाया कि कुछ नेता हल्की और अनुचित शब्दावली का इस्तेमाल करते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, **सम्पादक अमृत जैन के लिये,** यंगलीडर प्रेस से मुद्रित 2073, चाकसू का चौक, घी वालों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर से प्रकाशित। **मो. 9868155089, 9829193560 फोन नं. 0141-2570653 (RNI No. RAJHIN/2004/12833)**